महोदय/महोदया,

विषय : हल्दी केलिए 13 फरवरी, 2020 को होटल निखिल साई इन्टरनेशनल, निजामाबाद में क्रेता-विक्रेता बैठक

******

स्पाइसेस बोर्ड (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार), भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी प्रचार के लिए प्रमुख संगठन, मसाला उद्योग के विभिन्न स्तरों पर लिंकेज मजबूत करते हुए मसाला व्यापार को बढ़ावा देने और सुविधा प्रदान करने की गतिविधियों की अगुवाई कर रहा है। बोर्ड ने देश के प्रमुख मसाला उत्पादक क्षेत्रों में क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम) का आयोजन किया है, जिसका उद्देश्य मसाला उद्योग के खरीददारों और विक्रेताओं के लिए एक साझा मंच प्रदान करना, सीधे आपसी मेल-मिलाप और कारगर कारोबार लिंकेज स्थापित करना है।

भारत दुनिया में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है और तेलंगाना राज्य, देश में मसाला का सबसे बड़ा उत्पादक है। वर्ष 2018-19 के दौरान, 3,20,000 मीटरी टन के उत्पादन के साथ तेलंगाना में 53,000 हेक्टेयर के अनुमानित क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई थी। देश के कुछ प्रमुख हल्दी बाजारों के अलावा, तेलंगाना के चार जिलों(पूर्ववर्ती) अर्थात् निज़ामाबाद, करीमनगर, वारंगल और आदिलाबाद में हल्दी के उत्पादन का लगभग 90% योगदान है।

निजामाबाद और आसपास के क्षेत्रों में उत्पादित हल्दी की क्षमता को प्रदर्शित करने और देशभर के निर्यातकों और राज्य के विक्रेताओं / उत्पादकों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से, स्पाइसेस बोर्ड, **होटल निखिल साई, इंटरनेशनल, निजामाबाद** में 13 फरवरी 2020 को सुबह 10 बजे एक क्रेता विक्रेता बैठक (बीएसएम) का आयोजन कर रहा है। राज्य के निज़ामाबाद और आसपास के क्षेत्रों के 100 से अधिक प्रगतिशील किसान, किसान समाज, प्रसंस्करणकर्ता और व्यापारी बीएसएम में भाग लेंगे। बीएसएम के लिए फोकस मसाला हल्दी है।

बीएसएम, जो क्षेत्र के मसालों के विक्रेताओं / आपूर्तिकर्ताओं के साथ प्रत्यक्ष बाजार संबंध बनाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा, उसमें मसालों के सभी निर्यातकों को सौहार्दपूर्वक आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक निर्यातक, निम्नलिखित विवरण के साथ, 7 फरवरी 2020 तक dm.sb-ker@gov.in & nithin.jn@nic.in को प्रतिलिपि भेजते हुए sbnzb2015@gmail.com, sbrowarangal@gmail.com पर मेल द्वारा बीएसएम में भाग लेने की इच्छा व्यक्त कर सकते हैं;

संपर्क नंबर और ईमेल आईडी के साथ फर्म का नाम और पूरा पता:
स्पाइसेस बोर्ड निर्यातक पंजीकरण संख्या (सीआरईएस):
संपर्क नंबर और ईमेल आईडी के साथ उपस्थित होनेवाले प्रतिनिधि का नाम और पदनाम:
आवास की आवश्यकता: हाँ / नहीं

बाहर के निर्यातकों के लिए आवास (एक सिंगल / डबल कमरा प्रति फर्म), यदि आवश्यक हो, तो प्रदान करने के लिए बोर्ड तैयार है।

अधिक जानकारी केलिए, कृपया संपर्क करें :
डॉ. जी.लिंगप्पा, उप निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड, प्रादेशिक कार्यालय, वारंगल।
फोन: 9440360863

श्रीमती सपना तोमर, सहायक निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड, मंडल कार्यालय, निज़ामाबाद ।
फोन: 8639584065

श्री किषन, वरिष्ठ क्षेत्र अधिकारी, स्पाइसेस बोर्ड, मंडल कार्यालय, हैदराबाद
फोन:7085060052

निदेशक
स्पाइसेस बोर्ड